सोना सेठ
उपायुक्त
Sona Seth
Deputy Commissioner

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
संभागीय कार्यालय, आईआई.टी. कैम्पस., पवई, मुम्बई 400076-
Regional Office: IIT Campus, Powai, Mumbai-400076.
दूरभाष/ Tel. (022) 2572 8060/2328/6763/1614/0717
Email:**kvsmumbairegion@gmail.com** WEBSITE:
romumbai.kvs.gov.in

संदेश

शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर सभी शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर साथियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

एक शिक्षक से हमारी मातृभूमि के प्रथम नागरिक बने, भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती एवं शिक्षक दिवस के पुनीत पर्व पर मुंबई संभाग के सभी शिक्षकों को उनके द्वारा छात्रों के कल्याण और विकास हेतु अटूट प्रतिबद्धता के साथ किए गए कार्यों के लिए हार्दिक प्रशंसा और आभार! आपके मार्गदर्शन ने भविष्य के नेताओं, नवप्रवर्तकों और परिवर्तनकर्ताओं को आकार दिया है। आपके समर्पण ने जो अमिट छाप छोड़ी है वह हमारी कक्षाओं की दीवारों से कहीं आगे तक फैली हुई है। आपकी रचनात्मकता, क्रियाशीलता और छात्रों को भावनात्मक समर्थन देते हुए शिक्षा के उच्च मानकों को बनाए रखने की आपकी क्षमता वास्तव में उल्लेखनीय है।

इस विशेष दिन पर मैं चाहती हूं कि आप कुछ समय निकालकर अनगिनत जिंदगियां पर आपके द्वारा डाले गए प्रभाव पर विचार करें । आज के परिवर्तनशील दौर में हम सभी से अपेक्षा है कि हम नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक में केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा अपनाये गए सिद्धांतों, आदर्शों एवं उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं लगन से करते हुए सशक्त राष्ट्र का निर्माण करने में सक्षम भावी पीढ़ी तैयार करेंगे।

आपके समर्पण और अथक प्रयासों के लिए आप में से प्रत्येक की हृदय से सराहना करते हुए आपका नमन करती हूं और आशा करती हूं कि आप सभी इसी प्रकार अपने छात्रों को प्रेरित करते रहेंगे और उन्हें मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण, प्रबुद्ध और सफल नागरिक बनाने हेतु सभी आवश्यक सहयोग और सहायता प्रदान करने के अपने संकल्प को भी नवीनीकृत करेंगे।

एक बात पुनः, शिक्षक दिवस की बहुत बहुत शुभकामनाएं!

सोना सेठ
(सोना सेठ)